दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 05 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा – जाने माने उद्योगपति गोपाल खेमका के हत्यारों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ा जाएगा।

02. सतापक्ष और विपक्ष समेत सभी राजनीतिक दलों ने गोपाल खेमका हत्याकांड की कड़ी निंदा की।

03. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा – बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा कर लिया जाएगा।

04. और, मुहर्रम को लेकर प्रदेश में आज से तीन दिनों का अलर्ट जारी। संवेदनशील स्थानों पर बढ़ाई गयी सुरक्षा व्यवस्था।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जाने माने उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या के मामले में शामिल अपराधियों की तत्काल पहचान कर उनपर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। श्री कुमार ने आज पटना में पुलिस महानिदेशक विनय कुमार से इस मामले की पूरी जानकारी ली और विधि व्यवस्था की उच्च स्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधि व्यवस्था बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराधियों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ा जाएगा। श्री कुमार ने आपराधिक घटनाओं की जांच में तेजी लाने और अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

---

गोपाल खेमका हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। इधर, इस मामले को लेकर पुलिस ने आज पटना के बेऊर केंद्रीय कारा में छापेमारी की। छापेमारी में चौदह थानों की पुलिस, एसडीपीओ, एसपी और एसएसपी शामिल रहे। पुलिस ने इस हत्याकांड को लेकर जेल में बंद सौ से अधिक कैदियों से पूछताछ भी की है। इस बीच, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि हत्याकांड के कई पहलू सामने आए हैं, जिस पर जांच चल रही है।

–––बाइट–––

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि इस मामले में मृतक के परिजनों द्वारा पुलिस प्रशासन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया जा रहा है, जिसकी भी जांच की जाएगी।

———बाइट———

———————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने गोपाल खेमका की हत्या पर गहरा दुख जताया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि कानून अपराधियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई करेगा।

———बाइट———

———————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि गोपाल खेमका की हत्या की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है। किसी भी अपराधी को नहीं छोड़ा जाएगा।

———बाइट———

———————————————————————

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि गोपाल खेमका की हत्या में शामिल अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मृतक उद्योगपति के परिजनों से श्री सिन्हा ने मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

———बाइट———

———————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने गोपाल खेमका हत्याकांड पर गहरा दुख जताया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पटना के शहरी इलाके में इस तरह की घटना होना एक गंभीर चिंता का विषय है।

———बाइट———

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है और यदि पुलिस प्रशासन की लापरवाही सामने आती है तो दोषी पुलिसकर्मियों को भी नहीं छोड़ा जाएगा।

---बाइट---

---

जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि जिस तरह से गोपाल खेमका की हत्या की गई है वह एक चुनौतीपूर्ण विषय है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि एसआईटी की जांच से पूरे मामले का खुलासा होगा।

---बाइट---

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि पटना की हृदय स्थली में इस तरह की आपराधिक घटना होने से साबित हो गया है कि राज्य में कोई भी सुरक्षित नहीं है।

---बाइट---

---

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा है कि गोपाल खेमका की हत्या से यह साफ हो गया है कि बिहार में प्रशासन पूरी तरह निष्क्रिय हो चुका है। श्री राम ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे की मांग की।

---बाइट---

---

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जा रही है। इधर, आज शाम तक पुनरीक्षण अभियान के तहत पंचानवे प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के बीच गणना प्रपत्र का वितरण किया जा चुका है। निर्वाचन आयोग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। आयोग ने कहा है

कि अभियान के लिए बीस हजार छह सौ तीन और बीएलओ की नियुक्ति की गयी है। इसके अलावा एनसीसी कैडेट और एनएसएस के लगभग चार लाख स्वंयसेवक भी मतदाताओं की सहायता में लगे हुए हैं।

---

राजद के वरिष्ठ नेता लालू प्रसाद को आज पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया। राजद की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में उनके निर्वाचन की घोषणा की गयी। श्री प्रसाद लगातार तेरहवीं बार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद श्री प्रसाद ने कहा कि वे पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति आभारी हैं, जिन्होंने उन पर लगातार विश्वास जताया है।

---बाइट---

---

मुहर्रम को लेकर प्रदेश में आज से तीन दिनों तक का अलर्ट जारी किया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक पंकज दराद ने बताया कि अठारह पुलिस जिले संवेदनशील चिन्हित किये गए हैं। इन जिलों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। श्री दराद ने बताया कि प्रदेशभर में ताजिया जुलूस को लेकर तेरह हजार सात सौ उन्नीस लाईसेंस जारी किये गए हैं। उन्होंने लोगों से शांति और सांप्रदायिक सौहार्द के माहौल में मुहर्रम मनाने की अपील की।

---बाइट---

---

तख्त श्री हरिमंदिर पटना साहिब ने पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल को एक बार फिर तनखैया घोषित किया है। इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि सुखबीर सिंह बादल को दो बार अपना स्पष्टीकरण देने के लिए तलब किया गया था, लेकिन वे नहीं पहुंचे। सुखबीर सिंह बादल पर सिद्धांतों, मर्यादाओं और पंज प्यारों के आदेश के उल्लंघन तथा प्रबंधक समिति के अधिकारों में दखल देने का आरोप है।

---

मुजफ्फरपुर जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र स्थित एक निजी बैंक में लूटपाट की घटना को अंजाम देने पहुंचे दो अपराधियों को पुलिस ने हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ विनिता सिन्हा ने बताया कि पुलिस ने लगभग ढाई किलोमीटर तक अपराधियों का पीछा कर उन्हें गिरफ्तार किया।

---

सीवान जिले के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मोराखास गांव में एक पानी भरे गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई।

एसटीएफ की टीम ने दरभंगा जिले के पच्चीस हजार रूपये के ईनामी अपराधी मोहम्मद इमरान खान को गिरफ्तार कर लिया है।

रेलवे ने मधुबनी जिले के जयनगर से आसनसोल के बीच सावन स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन ग्यारह जुलाई से आठ अगस्त तक चलेगी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा – जाने माने उद्योगपति गोपाल खेमका के हत्यारों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ा जाएगा।

02. सतापक्ष और विपक्ष समेत सभी राजनीतिक दलों ने गोपाल खेमका हत्याकांड की कड़ी निंदा की।

03. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा – बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा कर लिया जाएगा।

04. और, मुहर्रम को लेकर प्रदेश में आज से तीन दिनों तक का अलर्ट जारी। संवेदनशील स्थानों पर बढ़ाई गयी सुरक्षा व्यवस्था।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।